प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.08.2024 **(दोपहर–1455 बजे)**

देश आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। यह दिवस चंद्रयान की सफलता को समर्पित है। इस सिलसिले में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित प्रमुख कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इसरो ने देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में अमूल्य योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसरो की यात्रा शुरू से ही शानदार रही है।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सरकार युवा आक्रोश रैली से डर चुकी है। यही कारण है कि रैली में शामिल होने आ रहे भाजपा के कार्यकर्ताओं को जगह–जगह रोका जा रहा है। रांची में प्रेस कांफ्रेंस कर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन से न तो झारखंड संभल रहा है और न ही पार्टी।

****

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा दूसरे राज्य के नेताओं को झारखंड बुलाकर षड्यंत्र रच रही है।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि चंपाई सोरेन के मामले से भाजपा का कोई लेना–देना नहीं है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि झामुमो ने अपने इतने अनुभवी नेता को अपमानित किया है तो इसका खामियाजा उसे ही भुगतना होगा।

****

दिल्ली पुलिस ने अल–कायदा से प्रेरित आतंकी मॉड्यूल का खुलासा करने का दावा किया है। इस सिलसिले में झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। झारखंड से कुल आठ संदिग्ध पकड़े गये हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

****

आकाशवाणी रांची की ओर से रांची के मोरहाबादी स्थित रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में कल श्रावणी संगीत उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक सह कार्यक्रम प्रमुख गौरव शिखर राय ने बताया कि संगीत का यह कार्यक्रम दिन के साढ़े ग्यारह बजे शुरू होगा।

****

सिमडेगा जिले में सरकार के सहयोग से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

राजधानी रांची के डोरंडा स्थित जैप–1 स्थित शौर्य सभागार में आज से दो दिवसीय राज्यस्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन की शुरुआत हुई। एडीजी प्रशिक्षण सह आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन में महिला पुलिसकर्मियों के अवसर, चुनौती और भविष्य की रणनीति पर विचार–विमर्श किया जा रहा है।